देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 05.06.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने देहरादून के रायपुर में 30 बेड के अस्पताल का लोकार्पण किया, कहा– यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में एक हजार 872 आवास बनकर तैयार, जल्द होगा आवंटन।
- केंद्र ने उत्तराखण्ड को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चार राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया।
- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में व्यापक वृक्षारोपण और जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- आगामी कुंभ मेला और कांवड़ यात्रा की तैयारियों के तहत हरिद्वार में निर्माण तथा आधारभूत ढांचा विकास कार्यों में तेजी।

रायपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने देहरादून के रायपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से विकसित 30 बेड के अस्पताल के रूप में जनता को समर्पित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण उपचार और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अस्पताल के निर्माण से रायपुर और आसपास के क्षेत्रों की बड़ी आबादी को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों को उपचार के लिए दूरस्थ अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अस्पताल क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना

उत्तराखण्ड को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चार राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राज्य को सम्मानित किया।

उत्तराखण्ड की ओर से ये पुरस्कार उत्तराखण्ड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जी. एस. बुदियाल ने ग्रहण किए।

राज्य को सर्वाधिक उपभोक्ता आवेदन, सर्वाधिक रूफटॉप सोलर संस्थापन, सर्वाधिक डिस्कॉम निरीक्षण तथा सर्वाधिक विक्रेता पंजीकरण की श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार मिला है।

गौरतलब है कि योजना के तहत पात्र उपभोक्ताओं को घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे बिजली बिलों में कमी आने के साथ स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है।

पीएम आवास/झील

राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक हजार 872 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। आवास औरराज्य सम्पत्ति विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन आवासों का आवंटन जल्द ही पात्र लाभार्थियों को किया जाएगा।

इसके अलावा, डॉ. कुमार ने बताया कि हाल ही में उन्होंने नैनीताल जिले की प्रमुख झीलों तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भीमताल झील के पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण के लिए 25 करोड़ रुपये से अधिक की योजना तैयार की गई है। वहीं, नौकुचियाताल में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार पर लगभग 21 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि कमलताल क्षेत्र को भी आधुनिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

विश्व पर्यावरण दिवस

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। हर वर्ष 5 जून को दुनिया भर में यह दिवस पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पृथ्वी को सुरक्षित रखने के संकल्प के साथ मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1973 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा की गई थी।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में आगामी कुंभ मेला–2027 की तैयारियों के तहत हरिद्वार को अधिक हरित और पर्यावरण–अनुकूल बनाने के उद्देश्य से 'हरित हरिद्वार' अभियान के अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा।

मेला अधिकारी सोनिका ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक आवश्यकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए वृक्षारोपण तथा हरित विकास को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने नागरिकों से कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की है।

कांवड़ यात्रा

हरिद्वार जिले में आगामी कांवड़ यात्रा और कुंभ मेला– 2027 को देखते हुए बुनियादी ढांचे से जुड़े विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने रिंग रोड परियोजना के अंतर्गत बहादराबाद बाईपास से जगजीतपुर तक निर्माणाधीन फ्लाईओवर कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 30 जून तक निर्धारित सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

पत्रकारों से बातचीत में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी कुंभ मेले से पहले सभी निर्माण कार्यों को तय समयसीमा के भीतर पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

फ्लेक्स–फ्यूल यात्री कार

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी तथा केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में भारत की पहली फ्लेक्स–फ्यूल यात्री कार का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर श्री पुरी ने कहा कि यात्री वाहनों में फ्लेक्स–फ्यूल तकनीक की शुरुआत भारत की ऊर्जा परिवर्तन यात्रा का एक नया अध्याय है।

श्री नितिन गडकरी ने कहा कि फ्लेक्स–फ्यूल वाहनों से प्रदूषण कम करने, कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने और विदेशी मुद्रा की बचत करने में मदद मिलेगी।

मोदी सरकार के 12 साल

पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के सिद्धांतों के आधार पर भारत में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार, सरकार के पिछले 12 वर्षों के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम इस श्रृंखला में बात करेंगे 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के क्षेत्र में सरकार के प्रयासों के बारे में।

केन्द्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के साथ–साथ कारोबार को आसान बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इन सुधारों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और भारत दुनिया में प्रतिस्पर्धी व्यापारिक केंद्र के रूप में मजबूत हुआ है। 2016 में शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया योजना नवाचार, उद्यमिता और निवेश आधारित विकास को बढ़ावा दे रही है। सरकार के प्रयासों के कारण देश में स्टार्टअप की संख्या 2016 में लगभग 500 से बढ़कर इस साल मार्च तक दो लाख 23 हजार से अधिक हो गई है। वहीं, जून 2021 में आयकर विभाग ने नया ई–फाइलिंग पोर्टल शुरू किया, ताकि करदाताओं को अधिक सुविधा और बेहतर ऑनलाइन सेवाएं मिल सकें। वहीं सरकारी खरीद प्रक्रिया को डिजिटल, सरल और सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए 2016 में गवर्नमेंट ईदृमार्केटप्लेस (ळमड) की शुरुआत की गई। जेम पर अब तक कुल कारोबार 18 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है।

यू.पी.एस.सी.

संघ लोक सेवा आयोग–यू.पी.एस.सी. ने परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन प्रणाली की शुरूआत की है। आयोग ने इस तकनीक का सफल उपयोग हाल ही में आयोजित प्रारंभिक सिविल सेवा परीक्षा और इस वर्ष हुए भारतीय वन सेवा परीक्षा में किया।

इस प्रणाली के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाता है कि आवेदन पत्र भरते समय जिस उम्मीदवार की फोटो अपलोड की गई थी, वही उम्मीदवार परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा देने आया है।